Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 26-04-2002
Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

Title: Request to provide telecom facilities in the Etawa Constituency.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : माननीय सभापति जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र इटावा की दूरभाा समस्या के बारे में आपको बताना चाहता हूं। हमारे संसदीय क्षेत्र के जिन इलाकों ने दूरभाा के लिए आवेदन कर रखा है वहां पर दो-दो साल बीतने का बाद भी कनैक्शन नहीं दिये गये हैं। साथ ही जिन केन्द्रों में दूरभाा स्थापित होने की स्वीकृति मिल चुकी है वहां भी अभी तक दूरभाा केन्द्र स्थापित नहीं हुए हैं। सायल क्षेत्र औरैया में दूरभाा केन्द्र स्थापित होना स्वीकृत है। बलरई में स्वीकृत है लेकिन हमने उसकी जगह माननीय मंत्री जी को ग्राम धोलपुर जो मेरा स्थाई निवास भी है, में स्थापित करने के लिए लिखा है। डब्ल्यूएलएल चालू किया जा रहा है। हमारे नजदीकी क्षेत्र इटावा, विधुना, औरैया, भर्थना में दूरभाा केन्द्र स्वीकृत हो गये हैं लेकिन जसवंत नगर की दूरी भी बहुत है। इसलिए डब्ल्यूएलएल जसवंत नगर में भी स्थापित किया जाए जिससे आम जनता की समस्याओं का समाधान हो सके।